wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 अंक-61 | सागवाड़ा, सोमवार,25 अक्टूबर, 2021 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## गीली लकड़ी से भरा एक ट्रक पकड़ा

**डूंगरपुर।** जिला स्पेशल पुलिस टीम ने सोमवार तड़के गीली लकड़ी से भरा एक ट्रक पकड़ा है, जिसे तस्करी कर गुजरात ले जा रहे थे। डीएसटी ने ट्रक को जब्त कर बिछीवाड़ा थाने में रखवाया है और जांच की जा रही है। स्पेशल टीम के प्रभारी दिलीपदान ने बताया कि मुखबीर के जरिये सूचना मिली कि लकड़ी से भरे एक ट्रक की गुजरात तस्करी हो रही है।

इस पर आज सोमवार तड़के डीएसटी हेड कांस्टेबल नवीन कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। इस दौरान एक ट्रक को रुकवाकर तलाशी ली तो उसमें गीली लकड़ियां भरी हुई थी। चालक ने गीली लकड़ी को गुजरात के हिम्मतनगर ले जाना बताया है।

लकड़ी परिवहन को लेकर कोई वैध दस्तावेज भी नहीं थे, जिस पर पुलिस ने लकड़ी से भरे ट्रक को जब्त करते हुए बिछीवाड़ा थाने में रखवाया है, जंहा मामले में वन विभाग की ओर से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शिक्षक भर्ती की पूरी 343 सीटों पर प्रतीक्षा सूची निकालने की मांग को लेकर टीएसपी के युवाओं का आन्दोलन

### अनियमितताओं को दूर करने सहित अन्य मांगों को लेकर सर्व समाज के युवाओं ने डूंगरपुर में कलेक्ट्री के बाहर धरना प्रदर्शन किया



**डूंगरपुर।** शिक्षक भर्ती 2016 के तहत टीएसपी के लिए निकाली गई प्रतीक्षा सूचि में अनियमितताओं को दूर करने सहित अन्य मांगों को लेकर सर्व समाज के युवाओं ने डूंगरपुर में कलेक्ट्री के बाहर धरना प्रदर्शन किया और जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

समानता मंच के बेनर तले आयोजित हुए धरने को संबोधित करते हुए मंच के संरक्षक दिग्विजय सिंह ने कहा कि 2016 शिक्षक भर्ती में टीएसपी क्षेत्र के 343 पद रिक्त होने के बावजूद भी निदेशालय द्वारा 30 सीटों पर ही प्रतीक्षा सूची निकाली गई है। शेष 313 पदों पर किस तरह से भर्ती की गई उसका जवाब विभाग नहीं दे पा रहा है। दिग्विजय ने कहा कि भर्ती की पूरी 343 सीटों पर प्रतीक्षा सूची निकालने की मांग को लेकर आज टीएसपी का युवा आन्दोलन की राह पर है। इसके अलावा सरकार ने अधिसूचना जारी करते हुए टीएसपी का क्षेत्र बढ़ा दिया लेकिन रीट भर्ती 2021 में टीएसपी की सीटे नहीं बढाई जो कि टीएसपी के बेरोजगार युवाओ के साथ अन्याय है। धरना प्रदर्शन के बाद युवाओ ने शिक्षक भर्ती 2016 के तहत सभी 343 पदों की प्रतीक्षा सूचि निकालने, रीट परीक्षा के तहत टीएसपी के पदों में बढ़ोतरी करने और टीएसपी क्षेत्र में कार्यरत नॉन टीएसपी के कार्मिकों का स्थानांतरण उनके गृह जिले में करने की मांग की है।



अन्नकूट....गुजरात के सारंगपुर में कष्टभंजन हनुमानजी मंदिर के 173 वें पाटोत्सव के तहत सोमवार को को अन्नकूट के दर्शन कराए गए।

## कनिष्ठ तकनीकी सहायकों ने दी क्रमिक अनशन की चेतावनी

**डूंगरपुर।**

महात्मा गांधी नरेगा कार्मिक संघ तकनीकी शाखा जेटीए के द्वारा विगत गांधी जयंती 2 अक्टूबर से सामूहिक अवकाश पर है लेकिन सरकार द्वारा हमारी मांगों पर उचित कार्यवाही एवं संगठन के मध्य वार्ता नहीं करते हुए हमारे आंदोलन को दबाने के लिए विभाग की ओर से कार्यवाही करने के आदेश जारी कर दिए है। इससे समस्त राजस्थान के कनिष्ठ तकनीकी सहायक में रोष व्याप्त है।

यदि हमारी उचित मांगों पर 27 अक्टूबर 2021 तक सरकार व विभाग की ओर से उचित कार्रवाई नहीं हुई तो संपूर्ण राजस्थान के प्रत्येक जिले पर कुछ साथी क्रमिक अनशन पर बैठेंगे। इसके बाद भी विभाग की ओर से उचित कार्यवाही नहीं होने पर 1 नवंबर 2021 से समस्त कार्मिक आमरण अनशन पर रहेंगे। समस्त कार्मिक अपने परिवार सहित अनशन स्थल पर ही काली दीपावली मनाएंगे इसकी समस्त जिम्मेदारी विभाग एवं सरकार की होगी। यह जानकारी जिला अध्यक्ष मोहम्मद हाशिम द्वारा दी गई।

### इंदिरा क्रेडिट योजना- कैंप लगाकर भरवाएं जा रहे फार्म

## शहर में 1500 लोगों को योजना का लाभ दिलाए जाने का है लक्ष्य



**सागवाड़ा।** इंदिरा क्रेडिट योजना में अधिक से अधिक शहरवासियों को लाभान्वित करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने बताया कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से करीब 1500 लोगों को लाभ दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना के तहत व्यापारियों का पंजीयन किया जा सके और जानकारी मिल सके इसे लेकर नगर पालिका में कैंप लगाए जा रहे है। अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मोहिल ने बताया कि इंदिरा क्रेडिट योजना के माध्यम से लाभार्थियों को 50 हजार रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। इस योजना को लेकर पालिकाध्यक्ष ने डे एनयूएलएम की जिला प्रभारी को सागवाड़ा नगर पालिका में शिविर लगाने केलिऐ पत्र लिखा था। सोमवार को डे एनयूएलएम की जिला प्रभारी बेहंत कौर और धर्मेंद्र सिंह चौहान ने सागवाड़ा नगर पालिका में कैंप लगाकर लाभार्थियों को इसकी जानकारी दी। अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मोहिल ने बताया कि सोमवार को 75 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि गहलोत सरकार ने शहरी क्षेत्र के स्ट्रीट वेन्डर तथा सर्विस सेक्टर के युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना 2021 लागू की गई है। योजना के माध्यम से लाभार्थियों को 50 हजार रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। समाज कल्याण विभाग की इस योजना से सभी को फायदा होना है। हेयरड्रेस, रिक्शावाला, कुम्हा, खाती, मोची, मिस्त्र, दर्जी, धोबी, रंग पेंट करने वाले, नल बिजली की मरम्मत करने वाले आदि इस योजना के तहत ऋण प्राप्त कर सकते है।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ, 30 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

**बांसवाड़ा।**

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को शुरू किया। यह अभियान 30 अक्टूबर तक चलेगा। जिसके माध्यम से एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। बच्चों को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाई जाएगी। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय डांगपाड़ा में जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने बच्चों को दवा खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पूर्व अंकित कुमार सिंह ने मां सरस्वती की आराधना की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचएल ताबियार ने बताया कि कृमि संक्रमण से बच्चों के शारीरिक विकास, हीमोग्लोबिन स्तर पोषण स्तर और बौद्धिक विकास पर हानिकारक प्रभाव डालता है।

## बगैर फार्मासिस्ट के चल रहा था मेडिकल स्टोर, महिला बोली- कुछ भी नहीं है, चिकित्सा विभाग ने दर्ज की रिपोर्ट

**डूंगरपुर।** बगैर लाइसेंस ओर फार्मासिस्ट के मेडिकल स्टोर संचालकों के खिलाफ चिकित्सा विभाग ने अभियान शुरू कर दिया है। सीएमएचओ के नेतृत्व में चिकित्सा विभाग ने वरदा में एक मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई की। बगैर लाइसेंस ओर फार्मासिस्ट के मेडिकल स्टोर चल रहा था ओर एक महिला दवाइया दे रही थी। चिकित्सा विभाग ने मामले में रिपोर्ट तैयार करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश शर्मा ने बताया कि जिले में बगैर लाइसेंस व फार्मासिस्ट के मेडिकल स्टोर संचालन की शिकायतें मिल रही है। इस पर अभियान चलाते हुए कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत सीएमएचओ डॉ राजेश शर्मा के नेतृत्व में ड्रग इंस्पेक्टर विशाल जैन ने वरदा गांव में बस स्टैंड के पास स्थित मयूर मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई की गई। मेडिकल स्टोर पर एक महिला ही दवाइयां देते हुए मिली, जिसने अपना नाम वर्षा कलाल बताया। मेडिकल स्टोर पर किसी तरह का लाइसेंस नहीं था और न ही फार्मासिस्ट था। महिला ने भी कुछ नहीं होना बताया, जबकि मेडिकल स्टोर में भारी मात्रा में एलोपैथिक दवाइयां भरी हुई थी।

मेडिकल स्टोर पर मरीजों को बिना डॉक्टर पर्ची के ही दवाइयां दी जा रही थी। वहां पर कोई भी डॉक्टर पर्ची नहीं मिली, जबकि किसी भी बिल की रसीद तक नहीं थी। सीएमएचओ व ड्रग इंस्पेक्टर ने मामले में मयूर मेडिकल स्टोर के खिलाफ बिना लाइसेंस व फार्मासिस्ट के मेडिकल स्टोर चलाने का केस दर्ज कर लिया है। वहीं मेडिकल स्टोर चला रही महिला को अपने दस्तावेज पेश करने के लिए निर्देश दिए गए है।

## आरएएस परीक्षा 2021 के सफल आयोजन के लिए कार्यशाला हुई

### 75 केंद्र चिन्हित, जिसमें 45 राजकीय तथा 30 निजी, 105 ऑब्जर्वर नियुक्त

**डूंगरपुर।**

जिले में आरएएस परीक्षा 2021 के सफल आयोजन के लिए ऑडिटोरियम में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सभी परीक्षा केंद्रों के अधीक्षक, ऑब्जर्वर एवं अन्य संबंधित अधिकारीयों ने भाग लिया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला ने पूर्व में टीम डूंगरपुर द्वारा रीट एवं पटवार परीक्षा में किए गए बेहतरीन कार्य के लिए पूरी टीम को बधाई दी। साथ ही आरएएस परीक्षा में भी डमी कैंडिडेट पर पूर्ण फोकस करते हुए प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है । इसके साथ ही केंद्राधीक्षक भी अपने स्टाफ के सहयोग से डमी कैंडिडेट पर पूरा फोकस करते हुए प्रभावी मॉनिटरिंग करें ओर अगर कोई भी संदिग्ध लगे तो तत्काल पुलिस को बताएं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर कृष्ण पाल सिंह चौहान ने कहा कि आरएएस परीक्षा के लिए जिले में कुल 75 केंद्र चिन्हित किए गए हैं, जिसमें 45 राजकीय तथा 30 निजी है । उन्होंने बताया कि कुल 105 ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं तथा 14 उप समन्वयक, सतर्कता दल 14 तथा विभिन्न स्तरों पर अधिकारी कर्मचारी नियुक्त करते हुए तमाम तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

## पटवार परीक्षा में 3 फर्जी परीक्षार्थियों समेत 5 आरोपी 4 दिन के पुलिस रिमांड पर, एक फरार आरोपी की तलाश

**डूंगरपुर।**

पटवारी परीक्षा में रविवार को पकड़े गए 3 फर्जी परीक्षार्थियों समेत 5 आरोपियों को कोर्ट ने 4 दिन के पुलिस रिमांड पर सौंप दिया है, जबकि बांसवाडा के फरार एक आरोपी की तलाश की जा रही है।

कोतवाली सीआई दिलीपदान ने बताया कि पटवारी भर्ती परीक्षा में फर्जी तरीके से परीक्षा देने वाले बुद्धाराम पुत्र रामकिशन विश्नोई निवासी साकड जिला जालोर, ओमप्रकाश पुत्र जयकिशन विश्नोई निवासी ढाणी जिला जालोर, अशोक विश्नोई निवासी बाड़मेर के अलावा मूल परीक्षार्थी राजेश पुत्र हकरा परमार मीणा निवासी मछारपाड़ा कुशलगढ़ जिला बांसवाडा, रूपचंद पुत्र वजा डामोर निवासी लोहारिया बड़ा कुशलगढ़ जिला बांसवाडा को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। यहां से सभी पांचो आरोपियों को 29 अक्टूबर तक पुलिस रिमांड पर सौंप दिया है। मामले में पुलिस आरोपियों से उनकी गैंग के अन्य आरोपियों के बारे में पड़ताल कर रही है।

वहीं परीक्षा पास करवाने के एवज में कितने मव सौदा हुआ था इसके बारे में भी पूछताछ की जा रही है।

## 65 वीं जिला स्तरीय बैडमिंटन टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ



**ओबरी।** 65 वीं जिला स्तरीय बैडमिंटन टेबल टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बामणिया के प्रांगण में हुआ। मुख्य अतिथि सागवाड़ा पंचायत समिति प्रधान ईश्वर लाल सरपोटा थे।

अध्यक्षता एसीबीओ विनोद पाटीदार ने की। विशिष्ट अतिथि सरपंच कुसुम परमार, उप सरपंच महेंद्र उपाध्याय ग्राम विकास अधिकारी निलेश जोशी, पीटीए अध्यक्ष देवीसिंह चौहान, जगदीश जोशी, पूर्व शारीरिक शिक्षा उप जिला शिक्षा अधिकारी नाथूलाल पाटीदार, दशरथ सिंह चौहान, चन्दनसिंह चौहान, मनोहरलाल जोशी, राजेश पाटीदार, डॉ.नटवरलाल उपाध्याय, कांतिशंकर उपाध्याय, धनेश्वर प्रजापत, नाथू बादर पाटीदार, हीरालाल प्रजापत, वीरमल ननोमा, पर्यवेक्षक देवेंद्र जैन तथा कांतिलाल पाटीदार थे। मंचासीन अतिथियों का स्वागत संस्था प्रधान कोदर लाल पाटीदार ने किया। शांतिलाल पाटीदार। धर्मेश पाटीदार, वीरसिंह चौहान, मुस्ताक खां पठान, पंकज अमरजी, शैलेश पाटीदार, गिरराज सिंह चौहान,शांतिलाल पाटीदार, प्रवीण उपाध्याय ने स्वागत किया। स्थानीय विद्यालय की बालिकाओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान टूर्नामेंट में सहयोग करने वाले 40 भामाशाहों का सम्मान किया गया।

## 65 वीं जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**डूंगरपुर।** जिले में शिक्षा विभाग की ओर से 65 वीं जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। लक्ष्मण मैदान पर पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा की गेंद पर यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा ने बल्ले से शॉट लगाकर प्रतियोगिता का आगाज किया। इससे पहले आयोजनकर्ता राजकीय महारावल उच्च माध्यमिक विद्यालय की ओर से समारोह आयोजित किया गया। समारोह के दौरान प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों ने मार्च पास्ट किया और मंच को सलामी दी वहीं स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश घोघरा ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाएं भी चला रखी है। पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने भी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। 28 अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में जिले के सरकारी और निजी स्कूलों की 47 टीमें भाग ले रही है।

### 65वीं जिला स्तरीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**दौवड़ा।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय दामड़ी में 65 वीं जिला स्तरीय माध्यमिक विद्यालय एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय छात्रा कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभहुआ। मुख्य अतिथि जयनारायण द्विवेदी थे। अध्यक्ष गोपाल सिंह राठौड़ ने की। विशिष्ट अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्राणजीवन शाह एवं अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार जैन, खेमराज कलासुआ सरपंच मीरा देवी परमार, पंचायत समिति सदस्य सूरमाल परमार थे। इस प्रतियोगिता में जूनियर एवं सीनियर की 38 टीमों के 456 छात्रों ने भाग लिया। उद्घाटन मैच वागदरी रतनपुरा और माध्यमिक विद्यालय पातली के बीच में हुआ जिसमें वागदारी रतनपुरा की छात्राएं विजय रही। इस अवसर पर शांतिलाल पंड्या, हेमंत जोशी, संस्था प्रधान निशा परमार, पीईओ विक्रम पुरोहित, कन्हैया लाल जोशी, पीटीए अध्यक्ष वीरभद्र राठौड़ मौजूद थे।



## 65 वीं जिला स्तरीय छात्र छात्रा तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ



**डूंगरपुर।** जिला मुख्यालय स्थित तीरंदाजी अकैडमी में 65 वीं जिला स्तरीय छात्र छात्रा तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा तथा पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने धनुष से निशाना साध कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए विधायक गणेश घोघरा ने कहा कि टीएसपी एरिया में तीरंदाजी एक पारंपरिक खेल है और सरकार ने इस बात का ध्यान रखते हुए राजस्थान की पहली तीरंदाजी अकैडमी डूंगरपुर में खोली। विधायक गणेश घोघरा ने खिलाड़ियों से कहा कि वह निरंतर अभ्यास करें और लक्ष्य तय कर खेलें तभी वे जिले, राज्य और देश का नाम रोशन कर पाएंगे।

प्रतियोगिता में 13 स्कूलों के 45 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के दौरान 30 से 70 मीटर के इंडियन राउंड, रिकर्व राउंड और कंपाउंड राउंड होंगे वही प्रत्येक राउंड से 12-12 खिलाड़ियों का चयन होगा। चयनित खिलाड़ी आगामी 15 नवंबर से जयपुर में होने वाली राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेंगे।